Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12.11.2021 | अंक 52

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## स्व तिलेश्वर साहू के सुपुत्र अरुण कुमार साहू ने लिया बरही विधान सभा का विकास का संकल्प

### कहा : अपने पिता के अधूरे काम एव उनके “सपनों” का बरही बनाऊँगा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनू पंडित/ बिरेंद्र कुमार**



अरूण कुमार साहु



स्व0 तिलेश्वर साहु



साबी देवी

झारखंड के प्रथम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष स्वर्गीय तिलेश्वर साहू के बड़े पुत्र अरुण कुमार साहू ने बरही विधानसभा के सर्वांगीण विकास का संकल्प के साथ बरही में अपनी राजनीतिक सरगर्मी तेज कर दी है। युवा जोश एवं युवाओं में एक खास पहचान बनाने वाले अरुण कुमार साहू अगले विधानसभा चुनाव के लिए युवा शक्ति मंच के बैनर तले बतौर सामा. जिक कार्यकर्ता बरही विधानसभा में जनसंपर्क करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि स्वर्गीय तिलेश्वर साहू ने बरही विधानसभा में बहुत ही कम समय में बरही के जनता के दिलों दिमाग में अपनी एक अमिट छाप बनाई थी । बरही विधानसभा का विकास कैसे हो सकता है। इसकी एक अनूठा उदाहरण पेश किया था । लेकिन उनके विरोधियों को उनका यह विकास का एजेंडा रास नहीं आया और योजनाबद्ध तरीके से उनकी हत्या कर दी आज उन्हीं के बड़ा सुपुत्र अरुण कुमार साहू अपने पिता के नक्शे कदम पर चलना चाहते हैं । इसी उद्देश्य वे बरही विधानसभा में अपने सहयोगियों एवं स्वर्गीय तिलेश्वर साहू के साथ रहे सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ एक नई टीम बनाकर अपनी राजनीतिक वर्चस्व बनाने की ओर अग्रसर है। अरुण कुमार साहू ने अपेम लाइव न्यूज़ से विशेष वार्ता में बताया की अब युवा सोच एवं युवा जोश की जरूरत है। बरही विधानसभा में युवाओं की एक लंबी फौज है। लेकिन उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार राजनीतिक भागीदारी नहीं दी जाती है। यही कारण है की बरही का सर्वांगीण विकास अब तक नहीं हो पाया। पिछले 25 सालों में बरही विधानसभा का जितना विकास होना चाहिए था । उतना विकास नहीं हो पाया। जिसके कारण बरही की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। बरही की जनता को यह समझ में आ गया है कि बरही की विकास तब तक संभव नहीं है जब तक कमान युवाओं के हाथ में नहीं मिलेगा और इसी परिकल्पना के साथ मैं बरही विधानसभा की जनता की सेवा करने के लिए उत्सुक हूं । अपने पिता के नक्शे कदम पर चलकर यह साबित किया कि जिस तरह स्वर्गीय तिलेश्वर साहू ने बहुत ही कम समय में अपनी राजनीतिक पकड़ बरही में बनाई थी। उन्होंने जो राजनीतिक विरासत बरही में तैयार की थी । उन्हीं रा. जनीतिक विरासत को अरुण कुमार साहू आगे बढ़ाने के लिए आए हैं। उन्होंने बरही विधान सभा के तमाम युवाओ, बुजुर्गों, महिलाओं एवं सभी जाति धर्म के लोगों से अपील किया है कि अब आप अपने आप को ठगा महसूस नहीं करें। क्योंकि मैं अब प्रत्यक्ष रूप से आपके दुख दर्द में शामिल होऊंगा और आपकी जन समस्या को उठाने का काम करूंगा । उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अब युवा अपनी शक्ति को पहचाने और हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर बरही के सर्वांगीण विकास में अपनी सहभागिता निभाएं । जरूर बरही में बदलाव दिखेगा। अरुण कुमार साहू ने सभी लोगों से अपील किया की बरही में समतामूलक समाज के नव. निर्माण में अपनी भागीदारी देते हुए एक जागरूक नागरिक का परिचय दें ताकि हम अंतिम व्यक्ति तक अपनी आवाज पहुंचा सकूं। और दबे कुचले अभी वंचित वर्ग के लोग भी उसी शान से जी सके जैसे अन्य लोग जीते हैं । उन्होंने एक संदेश देते हुए कहा कि उनके पिता स्वर्गीय तिलेश्वर साहू ने जो सपना देखा था उस सपना को पूरा करने का काम अरुण कुमार साहू करेगा । बस बरही विधान सभा की जनता का समर्थन की अपेक्षा है। बबलू सव, बिकास मिश्रा, मनोज कुमार उर्फ भोली पासवान,का. र्तिक पासवान, सन्नी गुप्ता, चमन साव, रिजवान अंसारी, सोनू केशरी, दीपक गुप्ता, पप्पू पासवान, पप्पू रविदास, अनिल रविदास, सुनील रविदास, संजय पासवान, सफीक खान सहित सैकड़ों लोग गांव गांव में अरुण कुमार साहू के नीति एवं सिद्धान्त को प्रचारित एवं प्रसारित करने में लगे हैं।

APEM LIVE

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक गंभीर




घायल का इलाज करते स्वास्थ्यकर्मी

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर निवासी प्रमोद कुमार पिता बिनोद सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अविनाश कुमार सिंह पिता गुड्डू सिंह लइयो करियातपुर निवासी को मामूली चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों व्यक्ति अपने बाइक से करियातपुर अपना घर लौट रहे थे। इसी क्रम में उनका गया रोड में स्थित अशोक लीलैंड शोरूम के समीप दुर्घटना हो गया। जिसमें प्रमोद कुमार को को सिर में गंभीर चोट आई है और अविनाश कुमार को मामूली चोटें आई है। आस पास के लोगो के सहयोग से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया गया जहाँ उनका प्रा. थमिक उपचार किया गया। जानक. ारी के अनुसार दोनों बाइक सवार में किसी ने भी हेलमेट नही पहन रखा था। अगर हेलमेट पहनी होती तो उन्हें भी मामूली चोट आती। दोस्तों अपेम लाइव न्यूज़ आप सभी से अनुरोध करता है की आप जब भी बाइक चलाए तो हेलमेट जरूर पहने।

## जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में तापेश्वर प्रसाद ने चलाया जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क के दौरान लोगों के साथ तापेश्वर प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**बिरेन्द्र कुमार**

बरही पश्चमी के जीप प्रत्याशी कुंती देवी के पक्ष में तापेश्वर प्रसाद ने अपने क्षेत्र के कई गांवों में जन. संपर्क अभियान चलाया।और लोगो से मिलकर उनकी समस्या सुनी और अपनी पत्नी कुंती देवी के पक्ष में समर्थन मांगा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ विकास के नाम पर लूट किया है। लोगो ने भी उन्हें सहयोग देने के आश्वासन दिया है। मौके पर गुलाब कुमार, मुकेश कुमार, विजय साव, छोटू सिंह, सद्दाम अंसारी, पंकज पासवन, अमन कुमार एवं मुकेश कुमार मौजूद थे।

## बढ़ती सड़क दुर्घटना को देखते हुए रसोईया धमना मोड़ पर लगाया गया स्पीड ब्रेकर

**अपेम लाइव : बरही**




रसोईया धमना मोड़ के पास लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए शुक्रवार को स्पीड ब्रेकर लगाया गया। ज्ञात हो कि पिछले कुछ वर्षो में रसोईया धमना मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना का मामला लागतार सुनने को मिल रहा था। जिससे सड़क दुर्घटना में कई लोग मौत की मुह में समा भी गए। इस मामले को रसोईया धमना के लोगों ने गंभीरता से लिया और रसोईया धमना मोड़ पर ब्रेकर लगाने की मांग की । ज्ञात हो कि 4 नवंबर की संध्या में बरही रसोईया धमना निवासी स्व तिलक साव का सड़क दुर्घटना में इसी स्थान पर मौत हो गई थी और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। तब स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग उठने लगी

सोच को हमेशा अच्छा रखो, क्योंकि नज़र का इलाज संभव है, नजरिये का नहीं।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जीप प्रतिनिधि के प्रयास से लगा विजैया के कुशवाहा टोला में ट्रांसफार्मर

### एसडीओ सौरव लिंडा ने तत्परता दिखाते हुए उपलब्ध कराया ट्रांसफर्मर : मो कयूम

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के विजैया गांव स्थित कुशवाहा टोला मे जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि एवं मुखिया दसरथ यादव ने सामूहिक रुप से 100 केबीए ट्रान्सफरमर का विधिवत उदघाटन नारियल फोड़ कर एवं फीता काटा कर किया। तथा उप. स्थित लोगों को मिठाई बांटी गई। मौके पर मो कयूम ने कहा कि कुछ दिन पहले ट्रांसफारमर उड़ जाने के कारण ग्रामीणों को काफ़ी समस्याओं का सामना कर पड रहा था। काफी प्रयास के बाद एसडीओ सौरव लिंडा के सहयोग से ट्रांसफरमर उपलब्ध कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों में बिजली आने से काफी खुशी देखी गई। मौके पर दुखन पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि देवलाल कुशवाहा, हिमांशु बमबम, अनिल यादव, त्रिलोकी प्रसाद, सीता राम प्रसाद, लक्ष्मण प्रसाद, केदार प्रसाद आदि उपस्थित रहे।


ट्रान्सफॉरमर का विधिवत उदघाटन करते मो0 क्युम व अन्य

## हरे राम हरे कृष्ण के नाम से गुंजित हुवा लराही, 24 घण्टे अखण्ड कीर्तन का हुवा शुभारंभ

**अपेम लाइव : चौपारण**

गोविंदपुर पंचायत के लराही में कार्तिक माह के शुभ अवसर पर देवी मंडप में 24 घण्टे अखण्ड कीर्तन का हुवा शुभारंभ। इससे पूर्व ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे पूजा पाठ कर क्षेत्र में सुख चौन व शान्ती की कामना के साथ अखण्ड कीर्तन का किया शुभारंभ। आयोजक भुनेश्वर यादव उर्फ साहेब ने बताया कि अखण्ड कीर्तन आज सुबह 8 बजे तक चलेगा जिसमे लराही के अलावे ओबरा, चक, डुमरी, भटबिगहा, थाम आदि गाँव के कीर्तन मंडलियों ने अपना अपना समय देकर अखण्ड कीर्तन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे है। त्रिलोकी यादव ने कहा कि अखण्ड कीर्तन से लराही में भक्ति भाव का माहौल है। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के नारो से गुंजित हुवा समस्त लराही सहित आसपास के गाँव। अखण्ड कीर्तन को सफल बनाने में संजय यादव, विजय यादव, सोबरन यादव, प्रकाश यादव, सकलदेव यादव, सुरेश यादव, विजय यादव, विकास यादव, कुलदीप यादव, मालो यादव, रामधारी यादव, मनोज यादव, उपेंद्र यादव, सुनील यादव, मनोज कुमार, चण्दर यादव, बासुदेव यादव, वजीर यादव, सुरेश यादव, नितेश यादव, मुंशी यादव, दिनेश यादव, उमेश यादव सहित समस्त ग्रमीणों ने महती भूमिका निभा रहे है।


श्री अखन्ड हरी किर्तन मे शामील भक्तगण

## करसो मुखिया उम्मीदवार बिंदु देवी के पति प्रकाश रविदास ने किया क्रिकेट किट का किया वितरण


क्रिकेट किट के साथ प्रकाश रविदास व खिलाडी

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत करसों पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार बिंदु देवी के पति प्रकाश रविदास न्यू वॉइस क्लब करसों में खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को बैट, बॉल एवं स्टंप देकर उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल में भी ध्यान देने की जरूरत है। खेलकूद से शारिरिक तथा मानसिक विकास होता है। मौके पर सचिन यादव, रोहित यादव, लव यादव, विशाल यादव, ज्योतिष यादव, सत्य प्रकाश यादव, अनिल यादव, सौरव सिंह, सूरज प्रजापति, दिलीप यादव, सुधीर यादव, यीशु यादव मिथिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

## पाण्डेयबारा पैक्स से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए अशोक सिंह

### ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करूँगा : अशोक सिंह

**अपेम लाइव : चौपारण**

पाण्डेयबारा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए पवई निवासी सह समाजसेवी अशोक सिंह निर्विरोश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन पदाधिकारी सह एमओ भूपनाथ महतो ने बताया कि आज नामांकन का आखिरी दिन था और मात्रा एक नामांकन अशोक सिंह के रूप में हुवा। हालांकि अशोक सिंह का औपचारिक रूप से निर्वाचित प्रणाम पत्र आगामी 25 नवम्बर को दिया जाएगा। इधर अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अशोक सिंह ने अपने सभी सहयोगियों व शुभचिंतकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दिया गया है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूँगा। वही अध्यक्ष पद के साथ 11 सदस्यीय प्रबंधन समिति का निर्विरोश निर्वाचन किया गया जिसमें छत्रधारी यादव, मनोज साव, मो अतहर हुसैन, पुष्पा देवी, सत्या देवी, मीरा दास, देवजानी देवी, सरिता देवी, लता देवी, अभिषेक पांडेय, मनोहर राम शामिल है। आशोक सिंह के जीत पर बधाई देने वालो में जिला परिषद भाग दो उम्मीदवार मनोज सिंह, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, धीरेंद्र सिंह, मो मोइन, जुबैर अंसारी, मो अतहर, गणेश साव, चंद्रमनी साव, रामविलाश प्रसाद, मनोज साव, सुनील सिंह, मनोज सिंह, दयानिधि पांडेय, सहित अन्य।


नवचयनित पैक्स अध्यक्ष अशोक सिंह व अन्य

## प्रखण्ड के 18 स्कूलों में हुई एनएएस परीक्षा,कस्तूरबा में 60 विद्यार्थी हुए शामिल

**अपेम लाइव : चौपारण**

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) परीक्षा का शुक्रवार को आयोजन हुआ। इसमें प्रखण्ड के डॉ ललन कस्तूरबा गांधी +2 उच्च विद्यालय , सिंहपुर, केबीएसएस +2 हाई स्कूल चौपारण, उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, दनुवा, सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल, बेहरा, अमोली अपूर्वा मानगढ़, डॉ बसन्त नारायण उच्च विद्यालय बसरिया, सुंदर लाल जैन हाई स्कूल ,सिंघरावा, अपग्रेड हाई स्कूल ब्रह्मोरिया, अपग्रेड हाई स्कूल बृंदा, अपग्रेड हाई स्कूल डेबो, मध्य विद्यालय सिंहपुर , मध्य विद्यालय मानगढ़, मध्य विद्यालय चौपारण, मध्य विद्यालय पाण्डेयबारा, पीएस नीमा,मदरसा जौहर गंज, मदरसा परसांवा,यूपीएस हथिन्दर सहित कुल 18 स्कूलों में परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गाँधी +2 स्कूल की बात करें तो वर्ग अष्टम में 30 और वर्ग दशम में 30 बच्चों ने भाग लिया। डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी +2 उच्च विद्यालय ,सिंहपुर, दादपुर में राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2021 की परीक्षा जिला स्तर से आए ऑब्जर्वर नसीम फिरोज,एफआई बजरंग प्रसाद,व प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। लॉटरी से चयनित बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा दो पाली में लिया गया। पहली पाली में अचीवमेंट टेस्ट लिया गया जिसमें कुल 60 प्रश्न थे। वहीं दूसरी पाली में विद्यार्थी प्रश्नावली का टेस्ट लिया गया जिसमें कुल 40 प्रश्न थे।


परीक्षा मे शामील बच्चे



## 15 नवंबर को ष्जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा प्रत्येक झारखंडवासी के लिए गौरव का क्षण :- भाजयुमो

**अपेम लाइव : बरही**




धरती आबा यानी धरती के पिता कहे जाने वाले बिरसा मुंडा जी की जयंती को मोदी जी द्वारा संपूर्ण भारत वर्ष में जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करना, राज्यवासियों के लिए ऐतिहासिक और गौरवान्वित क्षण है। भारतीय जनता युवा मोर्चा, झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता रीतेश सिंह ने कहा कि बिरसा मुंडा जी देश के अधिकांश जनजाति समुदायों द्वारा पूजित हैं, साथ ही बिरसा मुंडा जी ने ब्रिटिश साम्राज्य को उखाड़ फेंकने और मिशनरियों के धर्मांतरण कुचक्र से आदिवासी समाज को बचाने के लिए आंदोलन किया और अंत तक लड़ते लड़ते अपना जीवन बलिदान कर दिया। उनके इस बलिदान को संपूर्ण भारतवर्ष की भावी पीढ़ियां जान सके। इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा की गई, घोषणा से हम उनके आभारी हैं और झारखंड वासियों की तरफ से उन्हें धन्यवाद देते हैं। 70 वर्षों में पहली बार जनजातीय नायक को इस प्रकार का सम्मान व पहचान दिलाई गई है। जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष में झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में 15 नवंबर से 22 नवंबर तक जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व नायकों के से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए केंद्र व राज्यों में समन्वय स्थापित कर योजना बनाई जा रही है।

## सूर्यकुंड में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया साफ सफाई

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के बेलकपी पंचायत अंतर्गत ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड में साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा की सूर्यकुंड परिसर व स्नानकुंड की साफ सफाई रखना हम सभी की जिम्मेवारी हैं। मौके पर थाना प्रभारी राधा कुमारी ने कहा की साफ सफाई हम सभी की जिम्मेवारी हैं, उसे सफाई हमेशा करनी चाहिए। साथ ही कही प्रशाशन से जो मदद होगा उसे मुहैया कराया जाएगा। साफ सफाई में जिला परिषद प्रतिनिधि केदार साव, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन राणा, उप मुखिया सुरेश पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता सह श्रीकांत मै. थमेटिक्स के निदेशक चंद्रकांत पांडेय, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक, विकास पांडे, कलीम खान, असमत अली, बबलू पांडेय, रोहित तिवारी, सुनील पांडेय, विनय पांडेय, अशोक यादव, द्वारिक करन, अनूप पांडेय, विवेक पांडेय, सकलदेव यादव, जितेंद्र पासवान, दिनेश पासवान, सुजीत पांडेय, आनंद पांडेय, जागेश्वर नायक, छोटी साव, शंकर साव, आदि कई लोग शामिल थे।

## डिवाइन के छात्र मनीष प्रसाद ने क्वालीफाई किया नीट की परीक्षा

**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**



मनीष प्रसाद




प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त के छात्र मनीष प्रसाद ने मेडिकल परीक्षा नीट की परीक्षा को उत्तीर्ण करके विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है।मनीष विद्यालय से 2018 में 91.8ः लाकर विद्यालय टoपर भी रहे थे। इनका नीट परीक्षा में ।प्ट 10,107 है वही कैटोगरी रैंक 3825 है।मनीष प्रसाद प्रखंड के तुइयो पंचायत के निवासी है। उनकी इस सफलता से ग्रामीणों के साथ-साथ क्षेत्र में भी हर्ष का माहौल है।विद्यालय निर्देशक आई.पी भारती ने बताया कि जिस सपने के साथ उन्होंने विद्यालय की स्थापना की थी, उसका फल अब मिल रहा।उन्होंने बताया कुछ दिन पूर्व ही JEE Advanced में भी विद्यालय के दो छात्रों ने अच्छे रैंक लाकर क्वालीफाई किया है। और अब मनीष ने अच्छे रैंक के साथ नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की स्थापना के समय से ही उनका सपना था कि ग्रामीण पृष्ठभूमि वाले छात्र भी IIT और AIIMS जैसी संस्थानो से पढ़कर इंजीनियर व डॉक्टर बनें। उन्होंने बच्चे के साथ-साथ सभी शिक्षकों व अभिभावकों को धन्यवाद दिया है।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---13.11.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः---शरद
माहः---कार्तिक
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---नवमी तिथि दिन 09:36 मिनट तक उपरांत दशमी तिथि
दिनः---शनिवार
नक्षत्रः---शतभिषा नक्षत्र
योगः---ध्रुव
करणरू---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:35
सूर्यास्त : संध्या 05:25
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---कुम्भ राशि में
आज का राहूकाल दिनः---09:00 बजे से दिनः---10:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज अक्षय नवमी व्रत होगा।



संदीप शर्मा

आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

## भारतीय जन जागृति केंद्र के द्वारा जमुआ निवासी सादिया परवीन को मिला ट्राई साईकिल



**अपेम लाइव : बरकठ्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत जमुआ निवासी के 8 वर्षीय सादिया परवीन पिता मुमताज अंसारी को भारतीय जन जागृति केंद्र इचाक के द्वारा ट्राई साइकिल दिया गया। ज्ञात हो की कुछ दिनों पूर्व इस की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई। जिसे इचाक के वरिष्ठ पत्रकार उमेश प्रताप खबर देखकर संज्ञान लिए। और आज उन्हें भारतीय जन जागृति केंद्र के अध्यक्ष उमेश प्रताप के द्वारा आज उन्हें ट्राईसाईकिल दिया गया। आपको बता दे की कक्षा तीन की छात्रा सादिया परवीन ट्राई साइकिल मिलने से काफी खुश दिखाई दी। और उनकी मां अपनी खुशी का इजहार करते हुए कही कि हम कभी सोच भी नहीं सकते थे कि हमारी बच्ची को ट्राई साइकिल मिलेगा। हम बहुत खुश हैं अब हमारी बच्ची स्कूल जा सकती है। वही शिलाड़ीह के भावी मुखिया उम्मीदवार असमत अली समेत ग्रामीणों ने उमेश प्रताप को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

## श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए जीप उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह



**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत जिला परिषद भाग दो के उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह ने समाजसेवी राजा सिंह के दादी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं प्रमोद सिंह के पिता कुछ दिन पहले लकवा का शिकार हो गए थे, जिनसे मिलकर उन्होंने उनका ढांढस बंधाया। मौके पर ब्रह्मऋषि समाज के उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, राजू साव, सत्येंद्र गुप्ता, सुमन सिंह, कामेश्वर सिंह, बालगोविंद सिंह, आशीष सिंह, राहुल सिंह एवं जसवंत सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर


## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बरही वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली



रामदेव साव सुभाष पासवान मंटु सिंह



सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार बिनोद कुमार टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

APEM LIVE NEWS सच का साथी


## दिव्यांग दिलीप माली की आकस्मिक निधन पर जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक , किया आर्थिक सहयोग

**अपेम लाइव : बरही**



वीर कुंवर सिंह पथ में किराए पर रहने वाले 38 वर्षीय दिव्यांग दिलीप माली की निधन गुरुवार देर रात को हो गई। जानकारी के मुताबिक़ दिव्यांग दिलीप माली का दोनो पैर ट्रेन में कट गया था। जन सहयोग से उसका गुजारा चल रहा था। गुरुवार देर रात अचानक उनकी तबियत खराब हो गई। सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौ. हान ने उन्हें आनन फानन में बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पर कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दुख जताते हुए मृतक परिजनों को आर्थिक सहयोग किया। घर पहुंचकर अपेम मुख्य संरक्षक सह समाजसेवी कपिल केशरी ने 5000 रुपये का आर्थिक सहयोग किया। वही समा. जसेवी रसोइया धमना निवासी ता. पेश्वर साव ने 7000 रुपये एवं एक क्विन्टल अनाज देकर सहयोग किया।

## चोरदहा चेकपोस्ट पर अवैध रुप से कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक व उप चालक गिरफ्तार

**अपेम लाइव : चौपारण**

चौपारण प्रखंड अंतर्गत चोरदहा चेकपोस्ट पर चौपारण पुलिस ने अवैध रुप से कोयला लदा ट्रक जब्त किया जिसमें चालक व उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार कोयला बिहार ले जाया जा रहा था।





## झारखंड स्थापना दिवस के पावन अवसर पर बरसोत पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार मनोज कुमार यादव की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं






स्व डीलचंद यादव, पूर्व मुखिया




स्व0 बंशी यादव, समाजसेवी

मनोज कुमार यादव
भावी मुखिया उम्मीदवार
बरसोत पंचायत

हमारी प्राथमिकता

1. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथकिता
2. किसानों के खेतो तक सिंचाई की व्यवस्था कराना
3 महिला सशक्तिकरण का प्रयास
4 गरीबो को उनका हक दिलाना




APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पाण्डेयबारा पैक्स से निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए अशोक सिंह

### ईमानदारी पूर्वक अपने जिम्मेवारियों का निर्वहन करूँगा : अशोक सिंह

**अपेम लाइव :चौपारण**



विक्ट्री साइन दिखाते अशोक सिंह व अन्य

पाण्डेयबारा पैक्स अध्यक्ष पद के लिए पवई निवासी सह समाजसेवी अशोक सिंह निर्विरोश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन पदाधिकारी सह एमओ भूपनाथ महतो ने बताया कि आज नामांकन का आखिरी दिन था और मात्रा एक नामांकन अशोक सिंह के रूप में हुवा। हालांकि अशोक सिंह का औपचारिक रूप से निर्वाचित प्रणाम पत्र आगामी 25 नवम्बर को दिया जाएगा। इधर अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद अशोक सिंह ने अपने सभी सहयोगियों व शुभि. चंतकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी दिया गया है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूँगा। वही अध्यक्ष पद के साथ 11 सदस्यीय प्रबंधन समिति का निर्विरोश निर्वाचन किया गया जिसमें छत्रधारी यादव, मनोज साव, मो अतहर हुसैन, पुष्पा देवी, सत्या देवी, मीरा दास, देवजानी देवी, सरिता देवी, लता देवी, अभिषेक पांडेय, मनोहर राम शामिल है। आशोक सिंह के जीत पर बधाई देने वालो में जिला परिषद भाग दो उम्मीदवार मनोज सिंह, पूर्व मुखिया अनिल पांडेय, धीरेंद्र सिंह, मो मोइन, जुबैर अंसारी, मो अतहर, गणेश साव, चंद्रमनी साव, रामविलाश प्रसाद, मनोज साव, सुनील सिंह, मनोज सिंह, दयानिधि पांडेय, सहित अन्य।

## हरे राम हरे कृष्ण के नाम से गुंजित हुवा लराही, 24 घण्टे अखण्ड कीर्तन का हुवा शुभारंभ

**अपेम लाइव :चौपारण**


कीर्तन में शामिल श्रद्धालु

गोविंदपुर पंचायत के लराही में कार्तिक माह के शुभ अवसर पर देवी मंडप में 24 घण्टे अखण्ड कीर्तन का हुवा शुभारंभ। इससे पूर्व ग्रामीणों ने सुबह आठ बजे पूजा पाठ कर क्षेत्र में सुख चौन व शान्ती की कामना के साथ अखण्ड कीर्तन का किया शुभारंभ। आयोजक भुनेश्वर यादव उर्फ साहेब ने बताया कि अखण्ड कीर्तन आज सुबह 8 बजे तक चलेगा जिसमे लराही के अलावे ओबरा, चक, डुमरी, भटबिगहा, थाम आदि गाँव के कीर्तन मंडलियों ने अपना अपना समय देकर अखण्ड कीर्तन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे है। त्रिलोकी यादव ने कहा कि अखण्ड कीर्तन से लराही में भक्ति भाव का माहौल है। इस दौरान हरे राम हरे कृ ष्ण के नारो से गुंजित हुवा समस्त लराही सहित आ. सपास के गाँव। अखण्ड कीर्तन को सफल बनाने में संजय यादव, विजय यादव, सोबरन यादव, प्रकाश यादव, सकलदेव यादव, सुरेश यादव, विजय यादव, विकास यादव, कुलदीप यादव, मालो यादव, रामधारी यादव, मनोज यादव, उपेंद्र यादव, सुनील यादव, मनोज कुमार, चण्दर यादव, बासुदेव यादव, वजीर यादव, सुरेश यादव, नितेश यादव, मुंशी यादव, दिनेश यादव, उमेश यादव सहित समस्त ग्रमीणों ने महती भूमिका निभा रहे है।

## छठ के अवसर पर युवा शक्ति क्लब मंडरखा के द्वारा किया गया बाल सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बिरनी(गिरिडीह)**
**सब्बा अहमद**


सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड अंतर्गत मन. कडीहा पंचायत के ग्राम मंडरखा में युवा शक्ति क्लब मंडरखा के द्वारा हर साल की भाँति इस वर्ष भी छठ पूजा के अवसर पर बाल प्रतिभा प्रतियोगिता एवं बच्चों के द्वारा सांस्कृ तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ क्लब के अध्यक्ष पंकज वर्मा एवं कोषाध्यक्ष विश्वनाथ वर्मा तथा सचिव आनंद वर्मा के हाथों संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं क्लब के सक्रिय सदस्य एवं विहिप बज. रंगदल बिरनी प्रखंड सम्पर्क प्रमुख विशाल बजरंगी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों के हौसले बढ़ते हैं, जिससे आने वाले दिनों में इससे भी बड़ी कम्पिटीशन में भाग लेंगे और अपने गांव और जिले का नाम रौशन करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन दोर समुहों में रखा गया था प्रथम समूह में 1से 5 वर्ष तथा दुसरे समुह में 6 से 10 वर्ष के बच्चों को रखा गया था, जिसमें 1 से 5 वर्ग में प्रथम स्थान अंजली कुमारी , दुसरा स्थान निकिता कुमारी तथा तृतीय स्थान सुलोचना कुमारी ने प्राप्त किया वहीं 6 से 10 वर्ग में प्रथम स्थान सुजीत कुमार सोनी, द्वितीय स्थान नितीश सोनी और तृतीय स्थान आशीष कुमार ने प्राप्त किया इस प्रतियोगिता में जितने भी बच्चों ने भाग लिया सभी ने शानदार प्रदर्शन किया। इस बीच युवा शक्ति क्लब के द्वारा सभी बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। क्लब के पंकज वर्मा ने कहा सभी बच्चों को इसी प्रकार मेहनत करना चाहिए पिछले वर्ष क्लब के द्वारा घोषणा किया गया था जो बच्चे 10 वां में 80ः लाएंगे उसे पुरुस्कार दिया जाएगा आज उनलोगों को भी पुरूस्कार देकर सम्मा. नित किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे अध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, सचिव आनंद कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ वर्मा, विशाल बजरंगी, राहुल वर्मा, राजेश, विरेंदर, अमर, उमेश, सेवक, पिंटू वर्मा, मनोज कुमार, रोहित वर्मा, रितेश वर्मा, जितेंद्र कुलदीप, दिनेश, विनय, विवेक, सदानंद, सिकंदर, तेजलाल समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## चेपाखुर्द में सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल लोग

प्रखंड के अंतर्गत ग्राम चेपाखुर्द में छठ पूजा समा. पन्न के बाद वृस्पतिवार कि रात्री माँ शारदा युवा क्लब के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व विधायक निर्मला देवी ,डाड़ी कला मुखिया गुलाब देवी व समिति के सदस्यों के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्व. लित का किया गया। निर्मला देवी ने सभी को छठ पूजा के बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को अपने विकास के कार्यो में ध्यान देने की जरूरत है और भगवान सूर्य से प्रार्थना करते हैं कि हर साल इसी तरह से छठ व्रत करते रहे।डाडी कला समा. जसेवी इलियास अंसारी ने कहा कि बेरोजगारी की काफी समस्या है हमें इस और विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि कंपनी में स्थानीय लोगों को रा. `जगार मिल सके। मौके पर मुख्य रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने में राजदेव महतो, मनोज विश्वकर्मा, पदुम साहू, नवलेस यादव, राजू साहू , रंजीत यादव , राजकुमार साव , गणेश यादव, विशाल महतो, मीडिया प्रभारी विक्की करमाली, राजा करमाली, अवध किशोर यादव, तथा समिति के सारे सदस्य लोग उपस्थित थे।

## बविन्दर कुमार होंगे जमरी बक्सपुरा पंचायत से मुखिया के उम्मीदवार

### सभी नली गली होंगे पक्का,शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होंगे जमरी पंचायत : बविन्दर

**अपेम लाइव : बिरनी(गिरिडीह)**
**सब्बा अहमद**



बविन्दर कुमार

चुनाव का समय जैसे जैसे नजदीक आते जा रहा है वैसे वैसे पंचायत चुनाव लड़ने वालों की लंबी कतार होते जा रही है।इसी कड़ी में एक और नाम जमरी बक्सपुरा पंचायत से मुखिया उम्मीदवार के लिए जुड़ गया है।छठ पूजा के पारन के दिन प्रसाद ग्रहण के साथ ही शिक्षित,युवा और गरीबो के दिलो के धड़कन माने जाने वाले डोंडागड़ा निवासी बविन्दर कुमार भी जमरी बक्सपुरा पंचायत से मुखिया उम्मीदवार होंगे।बविन्दर फिलहाल कान्हाचट्टी में कोचिंग सेंटर और स्कूल चलाते हैं,कुमार एक पढ़े लिखे एव युवाओं के दिलो दिमाग पर राज करने वाले युवक हैं।जिनके कारण ही लोगो ने बविन्दर को चुनाव मैदान में आने का निमंत्रण दिया और बविन्दर ने छठ पूजा के अवसर पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दिया।बविन्दर ने बताया कि यदि पंचायत के ग्रामीणों का प्यार मिला तो पंचायत में बेहतर शिक्षा ब्यवस्था बहाल करना,और पंचायत की सभी नली गली को पक्का करवाएंगे।पंचायत में पानी और स्वास्थ्य की भी बेहतर सुविधा करवाएंगे।उ. सने पंचायत वाईयो से मदद कर हाथों को मजबूत करने की अपील किया है।

## बड़कागांव के निजी, अर्ध सरकारी एवं सरकारी विद्यालयों में राष्ट्रीय उपलब्धि जांच परीक्षा संपन्न

### भारत सरकार प्रखंड ,जिला एवं राज्य की शिक्षा की गुणवत स्तर की मूल्यांकन करती है : बीईईओ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


परीक्षा में शामिल बच्चों का निरीक्षण करते शिक्षक

बड़कागांव प्रखंड में संचालित निजी, अर्धसरकारी तथा सरकारी विद्यालयों में से मात्र 13 विद्यालयों में क्रमशः वर्ग 3 ,5 , 8 और 10 के अधिकतम 30 बच्चों की एन ए एस कमेटी दिल्ली के द्वारा राष्ट्रीय उपलब्धि जांच परीक्षा ली गई।बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम साहू ने बताया कि इस परीक्षा की मूल खासियत यह थी कि केंद्र सरकार के द्वारा ही व्यवस्था की गई थी। प्रश्न पत्र से लेकर आँवजरबर एफा ई केंद्र सरकार के द्वारा ही प्रतिनियुक्त किया गया था।इस मूल्यांकन परीक्षा का मूल उद्देश्य है कि भारत सरकार प्रखंड,जिला एवं राज्य का गुणवत स्तर की मूल्यांकन करती है।और राज्य,जिला एवं प्रखंड की ग्रेडिंग कर प्रदर्शित करती है कि आपके प्रखंड, जिला, और राज्य का शिक्षा का स्तर क्या है।सभी 13 विद्यालयों में विद्यालय के शिक्षकों की सहयोग से कोविड -19 की दिशा निर्देश का अनुपालन करते हुए शांति पूर्वक परीक्षा संपन्न हुई।जिसका ओएमआर शीट अoवजरबर अपने साथ लेते भी चले गए। परीक्षा केंद्र आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव, जीडीएम उच्च विद्यालय बड़कागांव, डीएवी उरीमारी,बाल श्रमिक गुरु चट्टी, बाल श्रमिक बादाम , संत जोसेफ बरतुआ, शांति. निकेतन बघरैया (गरसुलला), उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोसाई बलिया, नव प्रथमिक विद्यालय रुद्धी, नालापा, हुरल. बागी, कदमा टोला विद्यालय को बनाया गया था। आब्जर्वर के रूप में मुख्य रूप से, सादिक अली, अनिल कुमार राणा, अभिषेक भूषण प्रसाद, संजू आफताब आलम, शेखर कुमार, पूजा अरोरा, चंद्रदेव सिंह, दीक्षा जसवाल, अनुराग खंडेलवाल, रकक्षण शकील, कविता शर्मा, बृज बिहारी शरण, अमित कुमार,तथा एफआई में तुलसी प्रसाद , महेंद्र राम, संगम कुमार, बजरंग मिर्धा, देवदत्त कुमार पाठक, राजेश तिवारी, सुमित कुमार, अभय कुमार आदि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दो-दो एफआई प्रतिनियुक्त थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


घायल की मदद करते राहगीर

विष्णुगढ़ में शुक्रवार को दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में बाइकसवार तीन लोग घायल हो गए। पहली दुर्घटना कोनार डैम के पास हुई। इसमें भुताही मुरगांवो निवासी नरेश मंडल पिता जयनाथ मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि छठ का प्रसाद देने वे बाइक से किसी रिश्तेदार के घर जा रहे थे। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। घायलावस्था में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, दूसरी घटना एनएच 100 में भेलवारा पंचायत भवन के पास हुई। इसमें स्कूटी सवार मां व बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में रामगढ़ जिला के घुटुवा निवासी पंकज सोनी (20) व उसकी मां शामिल है। इसमें पंकज सोनी का पैर टूट गया एवं उसकी मां के सिर पर गहरी चोट आई है। बताया जाता है कि छठ महापर्व में शामिल होने के लिए दोनों विष्णुगढ़ में एक रिश्तेदार के घर आए थे। महापर्व के समापन के बाद दोनों स्कूटी से वापस अपने घर घुटुवा लौट रहे थे। इसी दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी। दोनों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## बगोदर में हादसे में विष्णुगढ़ के दो युवक घायल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**


दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी

एनएच100 में शुक्रवार की शाम को बगोदर स्थित प्रसिद्ध हरिहरधाम मंदिर के पास अनियंत्रित बोलेरो के हादसे में विष्णुगढ़ के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में हेठली बोदरा निवासी रंजीत पा. सवान पिता बनवारी पा. सवान एवं उसका चचेरा भाई शामिल है। इस हादसे में बोलेरो सवार आठ लोग भी घायल हुए हैं। बोलेरो बगोदर के हेसला का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारते हुए पलट गई। सभी घायलों का इलाज बगोदर के स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इसमें गंभीर लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## हरली पैक्स चुनाव में पिंटू कुमार 108 मतों से जीत कर नए पैक्स अध्यक्ष बने

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**


पिंटू कुमार

प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मुरलीधर बिरवा एवं अविनाश कुमार के नेतृत्व में हरली पंचायत पैक्स समिति गठन का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। पिंटू कुमार ने अपने प्रतिद्वंदी भुनेश्वर महतो को 108 मतों की भारी अंतर से हराकर हरली पैक्स के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव में कुल 778 मतदाताओं अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें पिंटू को 393 एवं भुनेश्वर महतो को 285 मत प्राप्त हुआ। अन्य को मत प्राप्त हुआ, चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कुल 5 प्रत्याशी मैदान में थे। मौके पर चुनाव को शांतिप. ूर्वक संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की ओर से जमादार रुस्तम मलिक की सराहनीय योगदान रहा। चुनाव कार्यक्रम में शामिल नयाटांड़ पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो , गरसुल्ला पैक्स अध्यक्ष रामविलास गोप, पूर्व हरली पैक्स अध्यक्ष चुरामन महतो, हरली पंचायत मुखिया प्रधान महेंद्र महतो, पंसस उपेंद्र महतो, त्रिवेणी महतो, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो आदि नवनिर्वाचित हरली पैक्स अध्यक्ष पिंटू कुमार को माला पहनाकर स्वागत किया एवं बधाई दी ।

## सुगन साव पिछले 75 साल से एकादशी व्रत कर रहे का किया गया उद्यापन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के सोनबरसा गांव 100 वर्षीय सुगन साव ने जिसमें पिछले 75 सालों से हर महीने एकादशी का पूजा करते आ रहे हैं। जिस का उद्यापन शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ तथा विधिवत एकादशी पूजा का समापन किया गया। धार्मिक रूप से अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण था। गुरुवार को स्नान संजत, शुक्रवार को कलश यात्रा तथा कथा, शनिवार से लेकर सोमवार तक मडवाच्छादन, हल्दीकलश एकादशी महात्मा कथा एवं एवं अधिवास तथा मंगलवार को घृतढारी मातृपूजन एवं भंडारा के साथ समापन किया जाएगा। कलश यात्रा ग्राम सोनबरसा से लेकर लगभग 4 किलोमीटर बड़कागांव सूर्य मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से पंकज कुमार, खेमानी साव, कैलाश साव, निर्मल राम, अनुज राम, गुड्डू राम, चोहन साव, विजय साव, आदित्य साव, किटी साव, जगबीर साव, कर्म साव आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

## प्रज्ञा केंद्र का हुआ उद्घाटन

**अपेम लाइव : चुरचू**
**अरविन्द टुडू**



प्रज्ञा केंद्र के उदघाटन में उपस्थित लोग

चुरचू प्रखण्ड के चरही सीसीएल कोयलांचल क्षेत्र समीप डाड़ी प्रखण्ड के रबोध पंचायत के जोगा चौक पर प्रवीण प्रज्ञा केंद्र का उद्घघाटन जिप सदस्य डाड़ी भाग एक के सर्वेश कुमार सिंह, मुखिया नितु देवी और पंचो देवी के द्वारा फीता काटकार व नारियाल फोडकर किया गया। मौके पर केन्द्र के संचालक रवि कुमार ने बताया कि इस केंद्र में सभी प्रकार के आनलाईन कार्य किया जाएगा। साथ ही नया मोबाईल उपल्बद रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उदयनाथ महतो, कपिलदेव महतो, सर्वेश कुमार सिंह, उमेश करमाली,अघनू मांझी, गुलचंद महतो, कंनकी मुखिया प्रमोद कुमार महतो, मेहीलाल महतो, अशोक महतो, दशरथ प्रसाद महतो, बा. लेश्वर पटेल, नागेश्वर महतो, पूरूषोतम करमाली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

